उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 30 फाल्गुन, शक संवत्, 1934
( दिनांक : 21 मार्च, 2013 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा जमनीपुर की हजारों बीघा कृषि भूमि की बाढ़ से हो रही क्षति की रोकथाम हेतु उद्‌मादी नदी दो-मुँहे खाले के बाद पूर्वी तटबंध बनाने के संबंध में'' श्री संदीप भटनागर निवासी- ग्राम डाकपत्थर, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
6. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा छरबा के पूर्वी तटबंध पर हजारों बीघा कृषि भूमि शीतला नदी की बाढ़ से भूमि कटाव की रोकथाम हेतु शीतला नदी पर पूर्वी तटबंध बनाने के संबंध में'' श्री फुलविन्दर सिंह निवासी- ग्राम फतेहपुर, ग्राम सभा छरबा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा डाकपत्थर की हजारों बीघा कृषि भूमि यमुना नदी की बाढ़ से भूमि कटाव की रोकथाम हेतु यमुना नदी पर तटबंध बनाने के संबंध में'' श्री संदीप भटनागर निवासी- ग्राम डाकपत्थर, विकासखण्ड विकासनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा एटनबाग के ग्राम फतेहपुर गांव की हजारों बीघा कृषि भूमि उद्‌मादी नदी की बाढ़ से भूमि कटाव की रोकथाम हेतु उद्‌मादी नदी पर उत्तरी तटबंध बनाने के संबंध में'' श्री किशन लाल निवासी- फतेहपुर ग्राम सभा एटनबाग विकासखण्ड विकासनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री अजय टम्टा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद अल्मोड़ा के सोमेश्वर विकासखण्ड हवालबाग के कारगिल शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग को ग्राम पंचायत खड़ाऊँ से मुख्य मोटर मार्ग बसौली तक जोड़े जाने के संबंध में'' श्री बलवन्त सिंह बिष्ट निवासी- ग्राम पंचायत खड़ाऊँ, विकासखण्ड ताकुला एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

16. वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

17. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

> ''यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।'' **(15 मिनट)**

18. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

> ''यह माननीय सदन रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य जनपद देहरादून के धर्मावाला नामक स्थान को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निकट्तम स्थान तक सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए एक नये रेल मार्ग की स्वीकृति दी जाय।'' **(15 मिनट)**

19. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री हरिदास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

"उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ करने हेतु तत्काल अधिनियम बनाकर पारित किया जाय।" **(15 मिनट)**

20. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

"यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई योजनाओं हेतु नदियों में जल का प्रवाह निरन्तर बनाये रखने हेतु नदियों को आपस में एक दूसरे से जोड़ा जाय।" **(15 मिनट)**

21. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सरल एवं स्पष्ट नीति बनायी जाय।" **(15 मिनट)**

22. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम-54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :-

"प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेगी।" **(15 मिनट)**

23. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम-54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :-

"जनपद देहरादून के पछ्वादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षो से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।" **(15 मिनट)**

24. श्री हेमेश खर्कवाल, श्री मयूख महर एवं श्री गणेश गोदियाल, सदस्यगण, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम-54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :-

"वनों को संरक्षित करना एवं सस्ते गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराना जनहित में अति आवश्यक है।" **(15 मिनट)**

25. श्री हरीश धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को नियम-54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :-

"विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत कम ऊँचाई के क्षेत्र में मृग विहार बनने से ठप हो रहे विकास कार्य के दृष्टिगत मृग विहार बनाने के निर्णय पर पुर्नविचार किया जाय।" **(15 मिनट)**

26. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुत किया जाना एवं उस पर चर्चा:-

"उत्तराखण्ड राज्य में "ईको सेंसटिव जोन" को परिभाषित कर राज्य के विकास तथा आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा करने की नीति बनाये जाने की घोषणा की जायें।" **(15 मिनट)**

27. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

28. जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के राजकीय महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा अंग्रेजी प्रवक्ताओं के रिक्त पद तथा तृतीय एवं चतृर्थ श्रेणी कर्मियों के पद भरने की मांग के संबंध में विगत तीन दिन से चल रहें आमरण अनशन से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री तीरथ सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को दी गई सूचना पर, माननीय मुख्यमंत्री, का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

29. प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सर्वशिक्षा अभियान के तहत संचालित हो रहे कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद शिक्षा या व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2013 को दी गई सूचना पर, माननीय मुख्यमंत्री, का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 21 मार्च, 2013**

**(डी०पी०गैरोला)**
**प्रमुख सचिव।**

प्रथम सत्र, 2013
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### गुरूवार, 30 फाल्गुन, शक संवत्, 1934

### ( दिनांक : 21 मार्च, 2013 )

## नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार<br>08.03.2013 | **क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में कितने व्यक्तिगत ट्यूबवेल हैं जो टैंकरों से पानी बेचते हैं तथा उनसे सरकार को सालाना कितना राजस्व प्राप्त होता है ? राजस्व हानि रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>07.03.2013 | **क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार तीर्थ में शराब की बिक्री प्रतिबन्धित है ? यदि हां, तो इस प्रतिबन्धित क्षेत्र का सीमा निर्धारण क्या है ? क्या इसमें देहरादून जनपद का कोई क्षेत्र भी सम्मलित है ? क्या दिनांक 23 फरवरी, 2012 तथा दिनांक 27 फरवरी, 2012 को इस क्षेत्र में कोई बार लाइसेन्स जारी किये गये थे ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? | **आबकारी** |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>14.02.2013 | *1. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत पुरोला, नौगांव, मोरी के बागवानों व कृषकों की नगदी फसलों को अति वृष्टि एवं मौसम की मार से होने वाले नुकसान की भरपाई हेतु हिमाचल पैटर्न पर सरकार समर्थन बीमा देने पर विचार करेगी जो कि किसानों व बागवानों को के0सी0सी0 ऋण के समय भी दिया जाता है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>14.02.2013 | *2. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार दरगाह साबिर पार पिरान कलियर हरिद्वार में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले को राजकीय मेला घोषित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार पिरान कलियर के लिए विशेष बजट का प्राविधान भी कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |
| श्री मयूख महर<br>14.02.2013 | *3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं को सरकार की ओर से पुष्ट आहार वितरित किया जाता है ? यदि हां, तो इसमें कौन कौन सी वस्तु वितरित की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष 2005–2012 तक प्रदेश में उक्त वितरित सामग्री का विवरण क्या है तथा उक्त सामग्री की प्रत्येक की लागत क्या थी ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14.02.2013<br>श्री मदन कौशिक<br>27.02.2013 | *4. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2012 में गर्मियों में पूरा प्रदेश पेयजल संकट ग्रस्त था ? यदि हां, तो पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार ने क्या क्या प्रयास किये हैं ? | **पेयजल** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>15.02.2013 | *5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक कुमाऊ एवं गढ़वाल मण्डल के कितने बस्तियों में पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य था तथा कितने में पूर्ति की गई एवं जनपदवार कितनी बस्तियां पेयजल से पूर्णरूपेण वंचित हैं तथा कितने आंशिक रूप से ? क्या पेयजल मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पेयजल के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में आ रही बाधायें यथा जल संस्थान, जल निगम में अभियंताओं के रिक्त पद, पेयजल स्कीमों की धीमी रफ्तार से कार्य, बिना ठोस तैयारी किए स्वैप कार्यक्रम को लागू किये जाने तथा बड़ी पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु समयान्तर्गत धन का अवमुक्त न होना जैसी समस्याओं के समाधान हेतु कोई ठोस कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>15.02.2013 | *6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत आनन्द चौक तथा बनाली पम्पिंग पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री अजय टम्टा<br>15.02.2013 | *7. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सोमेश्वर विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड ताकुला, ध्वालबाग, ताड़ीखेत, द्वाराहाट में कुषकों को किन किन फूलों एवं नकदी फसलों के अनुदानित बीज उपलब्ध कराये गये एवं विभाग द्वारा उत्पादकों को सरकारी सुविधा से उपलब्ध कराये गये बीजों का कितना लाभ मिला है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.02.2013 | *8. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बी0एड0/बी0पी0एड0 शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>18.02.2013 | *9. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012–13 में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान–रमसा के अन्तर्गत प्रदेश में जनपदवार कितने स्कूलों को कौन–कौन से विकासपरक उद्देश्य की पूर्ति हेतु धनराशि आवंटित की गई तथा इन स्कूलों द्वारा इस धनराशि का उपयोग कर लिया गया है ? यदि हां, तो कौन से विकासपरक कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा कौन से प्रक्रियाधीन हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2013 | *10. | क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को द्वितीय राज भाषा का दर्जा दिया गया है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी से संस्कृत शिक्षा प्रभावित हो रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संचालित संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में वर्तमान में कितने प्रधानाचार्य/विषय विशेषज्ञ अध्यापकों/कर्मचारियों के पद रिक्त चल रहे हैं ? क्या सरकार संस्कृत शिक्षा को मजबूती देने के लिए सभी संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में रिक्त चल रहे प्रधानाचार्य/विषय विशेषज्ञ अध्यापकों/कर्मचारियों के पदो पर नियुक्ति किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृत शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2013 | *11. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी के लिए प्रस्तावित कण्डीघाट पम्पिंग पेयजल योजना शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार कण्डीघाट पम्पिंग पेयजल योजना को स्वीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.02.2013 | *12. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के कई रा0प्रा0 विद्यालयों में छात्र संख्या दस छात्रों से कम है जिससे ऐसे विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बहुत गिर गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि छात्र हित में सरकार प्रत्येक विकास खण्ड में एक आवासीय विद्यालय खोलने पर विचार करेगी जिसमें ऐसे छात्र शिक्षा ग्रहण कर सकें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>18.02.2013 | *13. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट विधान सभा क्षेत्र में सड़क मार्ग के नजदीक बसे ऐसे कितने गांव हैं तो पेयजल सुविधा से वंचित हैं ? क्या उन गावों में हैण्ड पम्प लगाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>19.02.2013 | *14. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में नदियों के किनारे बसी बस्तियों द्वारा नदियों में सीवर बहाया जा रहा है जिससे नदियों में अत्यधिक मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा नदियों में हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु कोई नीति तैयार की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02.2013 | *15. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य निर्माण के उपरान्त प्रदेश में कम्पयूटर शिक्षा हेतु सरकार द्वारा कम्पयूटर कक्ष, जनरेटर और कक्ष की साज सज्जा के कार्य कराये जाने हेतु धन की व्यवस्था की थी ? यदि हां, तो किस स्तर के विद्यालयों में कितनी धनराशि आवंटित की गई थी ? क्या मंत्री जी अवगत है कि अवमुक्त धन राशि के सापेक्ष वर्तमान तक किसी भी विद्यालायों में कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>19.02.2013 | *16. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त ।**<br>क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार जल संस्थान की कितनी एकल, बहुल और नगरीय योजनायें हैं तथा कितनी योजनायें अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं ? क्या सरकार आयु पूरी कर चुकी योजनाओं के मरम्मतीकरण करवाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय जिलों में वन अधिनियम के कारण लम्बित पड़ी लगभग 30 योजनाओं के संचालन की क्या प्रगति है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>19.02.2013 | *17. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई नीति है ? यदि हां, तो क्या पर्यटन नीति में बेरोजगारों को रोजगार देने की भी कोई व्यवस्था है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.02.2013 | *18. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश सरकार ने अधिकतर पम्पिंग पेयजल योजनाये जल निगम से जल संस्थान को स्थानान्तिरत की है ? यदि हां, तो क्या जल निगम के फील्ड तकनीकी स्टाफ को भी स्थानान्तरित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार सुचारू जलापूर्ति हेतु जलनिगम के तकनीकी स्टाफ को जलसंस्थान को स्थानान्तरित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री आदेश चौहान<br>20.02.2013 | *19. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0एल के अन्तर्गत ग्राम बहादराबाद, सीतापुर, रावली महदूर, सुभाषनगर एवं जगजीतपुर में पिछले दस वर्षो में जनसंख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होने के कारण वर्तमान में इन क्षेत्रों में जो पेयजल योजनायें चल रही हैं वह अपर्याप्त हैं तथा इन क्षेत्रों में पेयजल संकट है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्रों में नयी पेयजल योजना (नलकूप) लगाने पर विचार कर रही है ? | **पेजयल** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>14.02.2013 | 1. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कौन कौन से ऐसे ब्लाक हैं जहां पर अभी तक राजकीय इन्टर कालेज नहीं है ? क्या सरकार प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में राजकीय इन्टर कालेज की स्थापना हेतु नीति बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>14.02.2013 | 2. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ विधान सभा क्षेत्र में रमसा के अन्तर्गत कुल कितने विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उच्चीकरण के उपरान्त प्रत्येक विद्यालय में कितने शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है एवं कितने उच्चीकृत विद्यालय शिक्षक/स्टाफ विहीन है ? क्या सरकार द्वारा शिक्षकों की व्यवस्था की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>14.02.2013 | 3. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ शहर हेतु निर्माणाधीन सीवर लाईन हेतु अब तक कुल कितना धन स्वीकृत हुआ है तथा उसमें से कितना धन खर्च किया गया है व कितना धन शासन द्वारा अन्य प्रयोजन हेतु वापस ले लिया गया है ? यदि हां, तो किस प्रयोजन हेतु उक्त जारी राशि वापस ली गयी है ? क्या सरकार शेष कार्य हेतु इस वित्तीय वर्ष में धनराशि उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब व कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>14.02.2013 | 4. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थत्यूड़ का इण्टरमीडिएट में उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>14.02.2013 | 5. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत धनोल्टी में नकदी फसलों के रख रखाव हेतु शीत गृह निर्माण प्रस्तावित है ? यदि हां तो निर्माण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>14.02.2013 | 6. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रा0इ0का श्रीकोट, मैण्डखाल, बंगीयाल, काटल, क्यारी, कमान्द, बंगसील, कटखेत एवं थत्यूड़ दौंक आदि विद्यालयों के पास भवन नहीं, हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त इण्टर कालेजों हेतु नये भवनों के निर्माण कार्य प्रस्तावित किये हैं ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>14.02.2013 | 7. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा धनोल्टी के अन्तर्गत मंजकोट, थत्यूड़, क्यारी (पट्टी नगुण), चामासारी, नकुर्ची, मथलाऊ आनन्द चौक, जोगियाड़ा हाईस्कूलों में से कितने हाईस्कूलों का इण्टरमीडिएट में उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जूनियर हाईस्कूलों मंजगांव, भूटगांव, मखड़ेत, काण्डाजाख, भालकीमाण्डे, साटागाड़ (अलमस) सैन्दूल आदि का हाईस्कूल में उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक उच्चीकरण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल 14.02.2013 | 8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रा0उ0मा0वि0 रमसा के अन्तर्गत 2010–2011 में कितने विद्यालयों का उच्चीकरण हुआ ? क्या इन विद्यालयों में प्रवक्ता के पद सृजित हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री प्रेम सिंह राना 14.02.2013 | 9. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र में उप पुस्तकालय स्थापित करने की कोई योजना है ? यदि हां, तो पुस्तकालय कब तक स्थापित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास 14.02.2013 | 10. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उच्चीकृत जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत शिक्षकों को उसी विद्यालय में एल0टी0 में समायोजन करने का कोई प्रस्ताव है ? यदि हां, तो क्या प्रस्ताव है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कितने जूनियर शिक्षक इस प्रक्रिया से प्रभावित हो रहे हैं ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी 14.02.2013 | 11. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग के अन्तर्गत पुरूकुल से हाथीपांव तक रोप–वे के निर्माण की काई योजना शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना पर कार्य करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री अजय टम्टा 14.02.2013 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अशासकीय विद्यालयों में 2011–12 में मानदेय पर नियुक्त पी0टी0ए0 शिक्षकों को विगत 6 माह से वेतन न मिलने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार पी0टी0ए0 शिक्षकों को मानदेय देने हेतु कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री मयूख महर 15.02.2013 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत रा0इ0का0 बांस को विभाग द्वारा सवित्तीय विज्ञान वर्ग की मान्यता प्रदान की जा चुकी है ? यदि हां, तो कब ? क्या उक्त कालेज में विज्ञान वर्ग में पठन–पाठन कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा चुका है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 15.02.2013 | 14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत कुल कितने कस्तूरबा गांधी विद्यालय संचालित हैं तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कितने स्थाई वार्डन वार्डन नियुक्त हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में कितनी बालिकायें अध्ययनरत हैं व उन पर प्रति माह कितना धन व्यय हो रहा है ? क्या सरकार तत्संबंधी ब्योरा सदन के पटल पर रखेगी ? | **शिक्षा** |
| श्री मालचंद 15.02.2013 | 15. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी क्षेत्र में ग्रामीण कास्तकारों की उत्पादित फसल सही समय पर मण्डी में पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जगह–जगह पर छोटे–छोटे रोपवे की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचंद<br>15.02.2013 | 16. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में सेब बागवानों को अति ओला वृष्टि से हुई क्षति का मुआवजा दिया जायेगा ? क्या सरकार मुआवजे का मानक तय करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री मालचंद<br>15.02.2013 | 17. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत महासू देवता मन्दिर, हनोल, कर्ण मन्दिर देवरा, शेडकुडिया मन्दिर दोणी–मसरी, कपिलमुनि मन्दिर गुन्दियाटगांव, समेश्वर मन्दिर जखोल–कोटगांव, महाशिव मन्दिर ठडियार–सराजी, पोखू मन्दिर नैटवाड, रूद्रेश्वर मन्दिर बजलाड़ी– कंडाऊ–देवसारी–तियां, राजा रघुनाथ मन्दिर पुजैली–गैर बनाल, भद्रकाली मन्दिर हुडोली–पोंटी सिरगूल मन्दिर पुरोला, कालिगनाग मन्दिर सरबडियार आदि धार्मिक एवं पर्यटक स्थानों का चारधाम यात्रा की व्यवस्था के आधार पर सौन्दर्यीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>18.02.2013 | 18. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत कितने स्थानों पर कहां–कहां हैण्डपम्प लगाये जाने हैं ? क्या सरकार विवरण उपलब्ध करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2013 | 19. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सरोना–बौंठा पेयजल योजना का निर्माण 1984–85 में किया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि 27 साल पुरानी इस योजना के जगह–जगह पाइपों में जंक लगने एवं टूट–फूट से पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार सरोना–बौंठा पेयजल योजना का पुनर्गठन पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2013 | 20. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मसराना, सुवाखोली व ग्राम मोटीधार पेयजल लाइन 20–25 वर्ष पूर्व बिछाई गयी थी जो कि वर्तमान समय में अत्यधिक जीर्ण शीर्ण हो चुकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम मसराना, सुवाखोली व ग्राम मोटीधार पेयजल योजना पुनर्गठन पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02.2013 | 21. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नालीकला एवं चामासारी के मध्य रडवाड़ा नदी से कफलानी टोप पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण की योजना विभागीय स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि योजना के नव निर्माण के लिए उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण करते हुए फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जानी थी ? यदि हां, तो क्या उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा रिपोर्ट तैयार कर ली गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार नालीकला एवं चामासारी के मध्य रडवाड़ा नदी से कफलानी टोप पम्पिंग पेयजल योजना के शीघ्र निर्माण पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 18.02.2013 | 22. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सभी अटल आदर्श ग्रामों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाने की योजना बनाई गई थी ? यदि हां, तो क्या सरकार सभी अटल आदर्श ग्रामों में उक्त व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 18.02.2013 | 23. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार में सचिव का पद रिक्त चल रहा है ? यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त रिक्त पद को भरने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृत शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 18.02.2013 | 24. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा ऋषिकेश एवं हरिद्वार तीर्थ स्थलों को संस्कृत नगरी घोषित किया गया था ? यदि हां, तो सरकार इन स्थानों को संस्कृत नगरी बनाने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृत शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.02.2013 | 25. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विद्यालयों व इन्टर कालेजों में छात्र–छात्राओं के बैठने हेतु फर्नीचर की उचित व्यवस्था नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र फर्नीचर की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19.02.2013 | 26. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उत्तराखण्ड में पेयजल संसाधनों को विकसित करने के लिए वार्षिक बजट का कुल कितना प्रतिशत धन व्यय कर रही हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पिछले एक वर्ष में कुल कितने पेयजल संसाधनों में बढोत्तरी हुई ? क्या सरकार छोटे बड़े घेरे एवं छोटी नदियों के जल को संग्रहित करेंगी ? यदि हां, तो कब तक और इसके लिए कितने बजट की व्यवस्था इस वित्तीय वर्ष में की जायेगी ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19.02.2013 | 27. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत वित्तीय वर्ष में नये पर्यटक क्षेत्रों को विकसित करने के लिए कुल कितना निवेश किया गया तथा कौन–कौन से क्षेत्रों में ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नये पर्यटक क्षेत्र को विकसित करने के क्या मानक हैं ? | **पर्यटन** |
| श्री दलीप सिंह रावत 19.02.2013 | 28. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के रिखणीखाल विकास क्षेत्र के अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडियूं एवं राजकीय इंटर कालेज बूंगल गडडी में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाए जा रहे भवनों का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा लापरवाह कार्यदायी संस्था के खिलाफ कोई कार्रवाई की जायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 19.02.2013 | 29. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालुर पम्पिंग पेयजल योजना का कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>19.02.2013 | 30. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी शहर में सीवर लाइन निर्माण से सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी शहर सहित अन्य हिस्सों में सीवर लाइन निर्धारित समय पर बिछाये जाने के लिए कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सहदेव पुण्डीर<br>19.02.2013 | 31. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के सहसपुर विधान सभा क्षेत्र में आर केडिया पेयजल योजना का पुनर्गठन प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस योजना का कार्य अभी तक प्रारम्भ क्यों नहीं किया गया अैर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री आदेश चौहान<br>19.02.2013 | 32. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0एल के अन्तर्गत ग्राम सीतापुर, सुभाषनगर, बहादराबाद, आन्नकी, औरंगाबाद ज्वालापुर में सैकड़ों हैण्डपम्प खराब (बन्द) हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार बन्द पड़े हैण्ड पम्पों को गर्मियों से पूर्व पुनः संचालित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>20.02.2013 | 33. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिहनगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अति दुर्गम क्षेत्र सरगुड़ा के बग्गाचव्वन गांव के छात्रों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए गावं में स्थित हाईस्कूल को इण्टरमीडिएट में उच्चीकृत करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.02.2013 | 34. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत परिंदा पम्पिंग योजना से संबंधित ग्राम रिखेड़ा, बन्चूरी, रावतगांव, बगोडगांव, ढुगां अकरा, ढुगां सकरा, ढुंगाधार, ढुगागधेरा, सरवाल रौड, डाबर डांडा दमराडा, पाटा, गुमालगांव बड़ा, गुमालगांव छोटा, डांडाविनक, बोरगांव, बिथ्याणी, में नियमित जलापूर्ति हो रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.02.2013 | 35. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के अशासकीय वित्त विहीन विज्ञान की मान्यता प्राप्त इन्टर कालेजों में संसाधनों की कमी के कारण विज्ञान कक्षायें संचालित नहीं हो रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार गरीब छात्र/छात्राओं की प्रतिभा को मघ्यनजर रखते हुए इन्टर स्तर पर शासकीय विद्यालयों की भांति अशासकीय विद्यालयों में भी विज्ञान सवित्त मान्यता प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>20.02.2013 | 36. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड से प्रारम्भ होने वाली अत्यन्त महत्वपूर्ण व पौराणिक कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले उत्तराखण्ड राज्य के यात्रियों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है ? यदि हां, तो राज्य निर्माण के उपरान्त क्या प्रत्येक वर्ष यात्रियों को अनुदान दिया गया है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>20.02.2013 | 37. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मसन्दावाला एवं गढ़ी कैण्ट में पेयजल समस्या होने के कारण क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां तो क्या सरकार मसन्दावाला एवं गढ़ीकैण्ट में टयूबवैल की स्थापना या कोई दीर्धकालीन पेयजल योजना संचालित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री अजय टम्टा<br>20.02.2013 | 38. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जू0 हाईस्कूल व हाईस्कूल के उच्चीकरण के क्या मानक हैं ? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर में हाईस्कूल–फुलर्खकवाल गांव विकास खण्ड ताकूला एवं भैंसोली विकासखण्ड ताडीखेत, के उच्चीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>20.02.2013 | 39. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पर्यटन अधिनियम बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके अन्तर्गत पर्यटन नियामक प्राधिकरण बनाने पर भी विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>20.02.2013 | 40. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधुर शिक्षकों को सी0सी0एल0 का लाभ सरकार दे रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>20.02.2013 | 41. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग में विधवा/परित्तयक्ता/तलाकशुदा शिक्षिकाओं को उनके स्थानान्तरण हेतु नीति के तहत छूट का प्रावधान है ? यदि हां तो किस प्रकार की छूट का प्रावधान है एवं विधुर शिक्षकों को भी स्थानान्तरण नीति में छूट का प्रावधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>21.02.2013 | 42. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नैशनल वैजिटेबिल इनिशिएटिव योजना के अन्तर्गत कितनी योजनायें संचालित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उन पर सरकार द्वारा कितनी धनराशि व्यय की जा रही है तथा तत्संबंधी विवरण क्या है ? | **उद्यान** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>07.03.2013 | 43. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2011–12 में प्रदेश के विद्यालयों में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके शिक्षकों को सत्रांत लाभ दिये जाने संबंधी शासनादेश दिनांक 08 अप्रैल, 2011 एवं शासनादेश दिनांक 20 सितम्बर, 2011 में प्राविधानित व्यवस्था के गलत कियान्वयन के कारण दिनांक 08 अप्रैल, 2011 से दिनांक 20 सितम्बर, 2011 के मध्य अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके शिक्षकों को सत्रांत लाभ के अन्तर्गत देय लाभों से वंचित किया जा रहा है ? यदि हां, तो दिनांक 08 अप्रैल, 2011 से सितम्बर, 2011 की समयावधि में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किन कारणों से वार्षिक वेतन वृद्धि के देय लाभों से वंचित किया गया है ? क्या सरकार उपरोक्त व्यवस्थान्तर्गत दिनांक 08 अप्रैल, 2011 से दिनांक 20 सितम्बर, 2011 के मध्य सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्राकृतिक न्याय के तहत सत्रांत लाभ के अन्तर्गत देय लाभों को प्रदत्त करेगी ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>19.02.2013 | 44. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी में छः आन्दोलनकारी शहीद हो गये थे ? आन्दोलनकारियों की स्मृति में मसूरी में शहीद स्मारक का निर्माण किया गया था किन्तु समुचित रख–रखाव एवं जीर्णोद्धार के अभाव में स्मारक जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शहीद स्मारक के जीर्णोद्धार किया जाना देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकार शहीद स्मारक का जीणोद्धार किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |
| श्री नवप्रभात<br>19.02.2013 | 45. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नेशनल गंगा रीवर बेसिन अथेरिटी की योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कार्य चल रहा है ? यदि हां, तो परियोजना का विवरण क्या है ? | **पेयजल** |
| श्री अजय टम्टा<br>20.02.2013 | 46. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर में कुल कितनी योजनाओं को स्वैप मोड के अन्तर्गत चयनित कर वित्तीय स्वीकृति दी गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कितनी योजनाओं में कार्यपूर्ण हो गया है तथा जिनमें कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसके क्या कारण हैं ? | **पेयजल** |